# मसीह 2




यीशु के जन्म के एक महीने बाद, मरियम और यूसुफ ने बेटे को प्रस्तुत करने और उसके लिए बलिदान चढ़ाने के लिए बैतलहम से यरूशलेम तक यात्रा की।
हमें दो कबूतर चाहिए।
अच्छा!
अपने बेटे के लिए बलिदान चढ़ाने के लिए आए हो, हाँ?
हाँ।
हमें ये दोनों चाहिए।
इतनी छोटी सी भेट...
हम एक भेड़ का बच्चा मोल नहीं ले सकते है, मरियम।
मुझे पता है। मुझे पता है।
मेरे चचेरे भाई को लगता है कि मुझे बैतलहम में कुछ लकड़ी का काम मिल सकता है।
बैतलहम में रहे?
मुझे नहीं पता ...
हम लंबे समय तक नहीं रहेंगे, परन्तु मैं तेरे और बच्चे की देखभाल के लिए पर्याप्त धन कमा सकता हूँ, और शायद घर भी मिल जाए ...
हमारे पास एक घर है! तुमने इसे बनाया था!

लूका 2:. 22-24



मुझे पता है।
परन्तु अगर बैतलहम में मेरे लिए काम है, तो हमें कम से कम इस पर विचार करना चाहिए।
मैं बस वही चहती हूँ जो हमारे परिवार के लिए सबसे अच्छा हो।
मैं इस पर विचार करूँगी।
इसे अच्छे से देख, यीशु।
तू इस स्थान को बहुत बार देखने वाला है।
हमारा परिवार हर साल फसह के पर्व के लिए यहाँ आता हैं।
मुझे क्षमा करें!
आपका बच्चा!
मैंने अभी आपके बच्चे को देखा!
क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद कर सकता हूँ?
यह तुम्हारे लिए विश्वास करना कठिन हो सकता है, परन्तु मुझे कहा गया था कि मैं यहाँ आकर तुम्हारे बच्चे की तलाश करूँ!
तुम किस बारे में बात कर रहे हो?
मुझे क्षमा करें। मेरा नाम शमौन है। परमेश्वर ने मुझे यहाँ आने के लिए कहा था।
मुझे पता नहीं क्यों, परन्तु अब जब मैंने आपके बच्चे को देखा है - तो यह ही इसका कारण है!
मुझे क्षमा करें। मुझे समझाने दे।
बहुत पहले, परमेश्वर ने मुझसे बात की। उसने मुझे बताया कि मैं तब तक नहीं मरूंगा जब तक कि मैं उस व्यक्ति को नहीं देखूंगा जो इस्राएल को शांति और सात्वना देगा!
तुम्हारा बच्चा! यह वही है!
क्या मैं इसे उठा सकता हूँ?
हाँ। जरुर।




लूका 2:: 23-27


इसका नाम ...
इसका नाम क्या है?
इसका नाम यीशु है।
यीशु ... मैं विश्वास नहीं कर सकता कि आखिरकार यह दिन आ गया है!


मरियम?
यह ठीक है, यूसुफ।
ठीक है।


परमेश्वर! प्रभु परमेश्वर, यह वैसा ही है जैसा आपने प्रतिज्ञा की थी!
मैं अब शांति से मर सकता हूँ, यह जानकर कि आपने अपना मसीहा भेजा है!
मेरी नजर तुम्हारे उद्धार पर है!
मेरी आंखें उसको देखती हैं, जो अन्यजातियों के लिए ज्योति होगा!
मेरी आंखें उसको देखती है जो तुम्हारे गौरव की ज्योति को इस्राएल के लोगों तक पहुंचाएगा!

लूका 2: 28-32


इस बच्चे की बड़ी नियति है।
वह इस्राएल में कई लोगों के गिरने और उठने का कारण होगा।
इसके शब्द उन सभी के दिलों और आत्माओं में छेद देंगे जो इसे सुनेंगे और उनके सच्चे विचारों और मन को प्रकट करेंगे।
और...
और एक तलवार की भांती तुम्हारी आत्मा को भी भेद देगी।



लूका 2: 33-35



हन्नाह! जल्दी आ!
हन्नाह एक भविष्यवक्तिन है! उसे भी इस बच्चे को देखना चाहिए!
यह बच्चा, शमौन!
तुम जानती हो कि यह बच्चा कौन है, नहीं क्या?
यह वह है जिसका तुम इंतजार कर रही हो!
यह वही है जिसका प्रभु ने वादा किया था कि तुम देखोगे!
मेरी वृद्ध आँखें धन्य है!
आज ही वह दिन है!
परमेश्वर का मसीहा! परमेश्वर का उद्धार!
सभी जो यरूशलेम में उद्धार की तलाश करते हैं उनको यह देखने के लिए यहाँ से दूर नहीं जाना पड़ेगा!
वह यहाँ है! यह छोटा लड़का!
यूसुफ, चलो अंदर ...
हम जो करने आए थे करो।
और तब मरियम और यूसुफ ने बलिदान दिया, शुद्धिकरण का एक बलिदान और समर्पण का एक बलिदान प्रस्तुत किया, जैसा कि व्यवस्था की पुस्तकों के अनुसार आवश्यक है।


दो साल बाद।
कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि अगर हम नासरत में वापस जाते तो कितना अलग होता।
मुझे भी, मरियम, परन्तु लगता है, यह हमारे लिए सही है।
नासरत में, वहाँ अधिक नौकरियां नहीं होगी, क्योंकि मुझे मेरे पिता और भाइयों के साथ साझा करना होगा।
यहाँ, अभी के लिए, मैं हमारे लिए एक उचित जीवन जी रहा हूँ।
हाँ, परन्तु हम तीनों का मुश्किल से जीवन व्यतीत हो पा रहा है!
और क्या होगा, जब हमारे और बच्चे होंगे?
जब तक तुम मुझे और कुछ नहीं बताती, तब तक यहाँ केवल हम तीन है।
मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि मैं घर नहीं जाना चाहता।
मैं सिर्फ बैतलहम नहीं छोड़ना चाहता हूँ। अभी नहीं।
यूसुफ, मुझे अपने परिवार की याद आती है। और मैं उस घर में रहना चाहती हूँ जो तुमने हमारे लिए बनाया था!
अपने परिवार के साथ नौकरियों को साझा करना इतना बुरा नहीं है, जबकि केवल नासरत ही एक स्थान है जहाँ लोग बढ़ई के काम के लिए जाते हैं।
और परिवारों के करीब रहने में मैं सुरक्षित महसूस करती है -
वह आवाज क्या थी?
घोड़ों! बहुत सारे! घोड़ों का एक कारवां के समान लगता है।
यीशु वहाँ बाहर है ...
यीशु!
यीशु!



लूका 2: 36-38


मती 2:11


यह बच्चा।
हमने एक तारे को देखा है, जिसने हमें यहाँ तक पहुंचाया है।
हम जानते थे कि इसका अर्थ, एक विशेष बच्चे का जन्म होने से सम्बंधित है।
और यह वह बच्चा है, है ना?
इसका नाम यीशु है।
हमें वह मिल गया है जिसकी हमें तलाश थी!
नवजात राजा की जय हो!
मसीहा की जय हो!
मसीहा की जय हो!



मती 2:11


कृपया इस छोटे से घर के लिए हमें माफ़ करे।
छोटा सा? बिलकुल नहीं! कोई भी घर जो एक दिव्य राजा को आश्रय देता है, छोटा नहीं है!
हम जानते हैं कि तुम्हारा बेटा क्या है।
हम समझते हैं कि वह क्या करने वाले है।
जब हमने तारे को देखा, तो हमने सोचा कि इसका क्या मतलब हो सकता है और भविष्यवाणियों के अनुसार हमने अपने अभिलेखों की खोज की जो हमें उत्तर तक ले आया!
"उत्तर कुछ लेखन में पाया गया था जो हमारे पुस्तकालय में सैकड़ों साल पहले आपके अपने लोगों में से एक के द्वारा संरक्षित किया गया था।"
"हमने तारे का अनुसरण किया, और जैसा हमें उम्मीद थी, यह हमें आपकी भूमि में ले आया!"
"परन्तु जब तारा हमारी आँखों से लुप्त हो गया तो हम यरूशलेम आए, जहाँ हमें स्वाभाविक रूप से एक नवजात राजा होने की उम्मीद थी!"
"आपका राजा हमारे लिए कुछ मददगार साबित हुआ परन्तु उसके कुछ सलाहकारों ने अन्य भविष्यवाणियों के अनुसार हमें बैतलहम की ओर इशारा किया।"
"राजा हेरोदेस ने हमें यह कहते हुए विदा किया,"
कृपया जाकर उस बालक के विषय में सही से पता करो और जब वह मिल जाए तो मुझे समाचार दो ताकि मैं भी आकर उसको प्रणाम करूँ।"!
"तब तक तारा वापस आ गया था ताकि हम इसका एक बार फिर से अनुसरण कर सकें, और इसने वास्तव में हमें यहाँ पहुंचा दिया!"
"निश्चित रूप से हमें आपको खोजने में कोई समस्या नहीं हुई। जाहिर है, उनके जन्म के समय, इस छोटे से शहर में काफी हंगामा हुआ था!"
"तारों और स्थानीय लोगों और स्वर्गदूतों की कहानियों, और तुम्हारे भविष्यवक्ता के अध्ययन करके हमें ज्ञात था कि हम सिर्फ एक नवजात राजा की तलाश नहीं कर रहे थे, परन्तु उससे बढ़कर कुछ गहरा और विशेष है।"



यह बच्चा सिर्फ एक राजा नहीं है।
मैं उन उपहारों से शर्मिंदा हूँ जो उसके लिए लाएं है!
यह उसके योग्य नहीं हैं!
सोना! शुद्ध और स्वर्गीय, एक राजा के लिए शाही उपहार!
लोबान! प्रभु के सुगन्धित करने के लिए एक धूप!
गन्धरस! सबसे सुगंधित मसालों में पाया जाने वाला इत्र!
ज्योतिषियों का बैतलहम में ठहरना संक्षिप्त परन्तु घटना पूर्ण था।
अचानक, एक सुबह, उन्होंने अपनी चीजें बांधी और वहाँ से चले गए।
इसमें कोई शक नहीं है कि हमें जाना चाहिए और जैसे हमने आपके राजा हेरोदेस से वादा किया था कि हम उन्हें बताएँगे कि आपका बेटा कहाँ मिलेगा ...
कल रात, एक स्वर्गदूत ने हमसे बात की। उसने हमें राजा हेरोदेस से बचकर एक अलग मार्ग से जाने के लिए कहा।
हमने आध्यात्मिकता के लिए स्वर्ग की खोज में बहुत समय बिताया है!
और यहाँ, हमने अंततः इसे पा लिया है!
हम आपके लोगों के लेखन का और अधिक अध्ययन करेंगे-
और यह देखेंगे कि आपका बच्चा आगे क्या करेगा!
एक और स्वर्गदूत।
मुझे नहीं पता कि क्या अधिक आश्चर्यजनक है, यीशु के जीवन में स्वर्गदूतों की बड़ी संख्या का इस प्रकार शामिल होना... या कि मैं अब इससे आश्चर्यचकित नहीं होता हूँ!


वे कहाँ हैं!
वे कहाँ हैं!!!
स्वामी, वे बैतलहम में आने के कुछ ही समय बाद यहाँ से चले गए।
हमने सुना है कि वे बहुत पहले वहाँ से निकल गए थे, उन्हें अब तक यहाँ होना चाहिए था, और अभी तक --
और अभी तक, वे यहाँ नहीं आए हैं!!!
वे यहाँ नहीं आए हैं!!!
वे यहाँ नहीं आए हैं!!!
अगर यह बात बाहर जाती है कि इन ज्योतिषियों - इन "राजा निर्माण करने वालों" ने - एक बच्चे को सम्मानित किया है--



अगर कैसर को इसकी बात की भनक भी लगी तो इसका मतलब अंत हो सकता है!
आप इस सिंहासन को खतरे में डाले जाने की अनुमति नहीं दे सकते हो, पिताजी!
ऐसा मैं करूँगा भी नहीं!
यदि वे मूर्ख मेरे पास लौटकर मुझे यह नहीं बताते हैं कि किस बच्चे को मारना है ...
उन्होंने हमें जो बताया और भविष्यवाणियों के समयरेखा के अनुसार, अगर हम यह सुनिश्चित करना चाहते है कि यह बच्चा मारा जाए तो हमें बैतलहम में सभी लड़के जो दो साल से छोटे है उनको मार देना चाहिए!
स्वामी, निश्चित रूप से यह पता करना आसान होगा!
स्थानीय लोगों से पूछें कि ज्योतिषियों ने किसका दौरा किया, शायद वे कुछ बता पाए-
मूर्ख!!!
तो हमें सभी को मार देना चाहिए।
मेरे पिताजी जो कहते है, करो!
यह सिंहासन मेरे पिता का है, और किसी, "राजा को बनाने वालों" का नहीं - यह अफवाह "नवजात राजा" - कोई भी इसे मेरे पिता से ले नहीं जाएगा!
जाकर! मेरे पिता के वफादार कुछ सैनिकों को इकट्ठा करो और आज्ञा दो!




मत्ती 2: 16-18



बैतलहम।
यूसुफ, उठ!
जल्दी कर और अपनी पत्नी और बच्चे को इस स्थान से दूर ले जा।
तुझे मिस्र भाग जाना चाहिए और वहाँ तब तक रुकना चाहिए जब तक कि मैं तुझे लौटने के लिए न कहूँ।
क्या?
राजा हेरोदेस बच्चे को मारना चाहता है। तुझे जाना होगा।
परंतु...
मैं कैसे जाऊ...
मरियम?
यूसुफ, यह क्या है?
उठ जा। जल्दी।
स्वर्गदूत ने मुझे बताया कि राजा हेरोदेस यीशु को मरवाना चाहता हैं।
हमें इस स्थान को छोड़ देना चाहिए। अभी।


मत्ती 2:13


और तब मरियम, यूसुफ और यीशु ने स्वर्गदूत के निर्देशों का पालन किया...
कृपया, श्रीमान, हमें आज रात ठहरने के लिए स्थान चाहिए।
मेरे पास एक कमरा उपलब्ध है। परन्तु इस समय यह तुम्हारे लिए तैयारब करना...
हम आपको यह सोने का सिक्का देंगे।
तब तो कर पाउँगा!
... यहाँ तक कि हेरोदेस के लोगों ने भी उसके निर्देशों का पालन किया।
मिस्र में, उन्होंने फिर से जीवन व्यापन करना शुरू किया, यूसुफ ने अपने लकड़ी का कौशल का उपयोग करते हुए और ज्योतिषियों द्वारा दिए गए उपहार के धन से जीवन बिताया।



मत्ती 2:14


राजा हेरोदेस का किला।
बहुत समय के बाद नहीं।
... और इसलिए, महान कैसर, मैं तुमको सलाह देता है कि तुम यहूदी की भूमि को इसी प्रकार विभाजित करो जैसा कि मैंने रेखांकित किया है।
"जैसा कि मैंने रेखांकित किया है।"
पिता!
यह क्या विश्वासघात है?
क्या आप मेरे हिस्से की भूमि को फिलिप्पुस और अरखिलाउस के बीच विभाजित करने की योजना बना रहे हैं?
लड़का!
मुझे - मुझे पता है कि सबसे अच्छा क्या है! तुम्हारे लिए और मेरी भूमि के लिए!
पिताजी, तुम भी जानते हो और मैं भी जानता हूँ कि यह मेरे या इस देश के लिए सबसे अच्छा के विषय की नहीं है।
ओह। यह बदबू क्या है? इस पूरे कमरे में सड़ांध फैली हुई है!
तुम्हे देखो, हे महान राजा हेरोदेस, यहूदी के राजा!
पिताजी, तुमने इस राज्य में अपनी सिंहासन की रक्षा करने के लिए हर दिन चौकन्ना होकर बिताया है!
तुमने पत्नियों और बच्चों और यहाँ तक कि अपने बेटों को राजा बनने से रोकने और अपने स्थान को बनाए रखने की कोशिश में मार डाला है!
परन्तु देखो, पिताजी!
तुम असफल हो गए!
राज्य को तुमसे दूर ले जाया जा रहा है!
तुम यहाँ लौट आओ!
मेरे से एक पुरुष की समान सामना करो!
तुम मूर्ख हो, मूर्ख हो ... अररर...



राजा हेरोदेस की मृत्यु के बाद, कैसर ने अपने तीन बेटों के बीच, जैसा कि उसने चाहा था, राज्य को विभाजित कर दिया।
हेरोदेस के शरीर को उनके विशाल और समृद्ध किलों में से एक में रखा गया।
और हेरोदेस की मृत्यु के कुछ ही समय के बाद ...
यूसुफ, डर मत।
उठ। तू बच्चे और उसकी माँ को ले कर इस्राएल लौट सकता हैं।
बच्चे के जीवन की चाह रखने वाले अब स्वयं जीवित नहीं है। अब वापस लौटना सुरक्षित है।
एक बार फिर, यूसुफ ने स्वर्गदूत के निर्देशों का पालन किया।
हम घर के कितने करीब हैं?
सोना लगभग समाप्त हो चूका है।
बस कुछ और रातें।
और अंत में, वे नासरत में, अपने घर लौट आए।


मत्ती 2:19-21


जब यीशु बारह साल का था, अपने माता-पिता के साथ, अपनी परंपरा के अनुसार, यरूशलेम में उनके परिवार के साथ फसह के पर्व के लिए यात्रा की।
फसह के बाद नासरत अपने घर लौटते समय, अपने रिवाज के अनुसार मरियम और यूसुफ अलग हो गए, समूह के पीछे से पुरुष यात्रा करते थे और सामने महिलाएँ और बच्चे थे।
क्या तुम ठीक हो?
मरियम, मैं इस गधे पर काफ़ी समय से बैठी हूँ!
तुम बताओ!
मुझे तुम्हारी सहायता करने दो। तुम अपनी माँसपेशियों को खींच सकते हो।
मैं इस भावना को जानती हूँ। मैं पहले भी इस तरह से यात्रा कर चुकी हूँ।
तुम? जब तुम्हारी हड्डियाँ मेरी जितनी पुरानी हो जाएँगी, तब तुम्हे समझ आएगा।
उस समय यीशु मेरे पेट में था।
जकर्याह के साथ जो हुआ था उसके बाद मैंने अपना मुँह बंद रखना सीखा है!
मेरे साथ चलने के लिए धन्यवाद।
यह पहला वर्ष है जब मेरा यूहन्ना पुरुषो के साथ चल सकता है, और वह यह मौका पाकर उसमे कूद पड़ा।
यह पिछले बारह वर्षों से मेरे साथ रहने के बाद, एक अकेली यात्रा है।

लूका 2: 41-42


क्या तुमको लगता है कि वह एक याजक के रूप में अपने पिता के नक्शेकदम पर चलेगा?
क्या वह अपने पिता के नक्शेकदम पर चलेगा?
हाँ।
याजक के रूप में?
नहीं।
वह पढ़ाई में अच्छा है, अन्य लड़कों की तुलना में बेहतर है।
परन्तु ... वह इसके लिए सही नहीं है।
वह बहुत ... स्वतंत्र है।
केवल तुम समझ सकती हो।
उसके भाग्य में कुछ अलग करना है।
तो हाँ, वह अपने पिता के समान होगा और लोगों को हमारे प्रभु की ओर ले जाएगा।
परन्तु यह मंदिर के अंदर से नहीं होगा।
मैं जानती हूँ कि तुम्हारा क्या मतलब है।
और तुम्हारा जो मतलब है, उससे मुझे डर लगता है।
स्वर्गदूत मेरे बेटे के जन्म का संदेश लाया और हमें बैतलहम से दूर जाने की चेतावनी दी क्योंकि हेरोदेस मेरे बेटे का जीवन लेना चाहता था!
यरूशलेम में एक भविष्यद्वक्ता ने यीशु की अद्भुत बातों के बारे में भविष्यवाणी की, फिर भविष्यवाणी की कि एक तलवार मेरी आत्मा को छेद देगी!
मैं अपने बेटे को खोना नहीं चाहती हूँ!
मरियम, मरियम...



लूका 2:43-45


मुझे लगता है यीशु और यूहन्ना दोनों ही हमारे बेटों से कही अधिक हैं!
और वे अलग-अलग लोगों के लिए और अधिक होगा!
परन्तु वह मेरा बेटा है और मैं उसकी माँ हूँ और--
मां?
यह क्या है, प्रिय?
क्या तुमने यीशु को देखा है, माँ?
येरुशलम जाते समय वह मेरे साथ खेल रहा था और मैने उम्मीद की थी वह घर पर जाते समय भी मेरे साथ खेले!
परन्तु मुझे नहीं पता कि वह कहाँ है!
और मैं तुम्हारी शपथ लेता हूँ, बैल अपने पेट तक कीचड़ में था, परन्तु जब उस जानवर के गले में रस्सी डालने के लिए एरॉन ने कीचड़ में कदम रखा तो वे उसे बाहर खींच सके ...
... वह अपनी गर्दन तक डूब गया!
यूसुफ!
ओह-ओह, यूसुफ!
तेरे पत्नी, वह बुलाती है!
और मेरे पास बेहतर उत्तर था! उसे चिंता हो रही है ...


मरियम, क्या हुआ?
यीशु कहाँ है? क्या वह आपके साथ है?
क्या? नहीं, वह तुम्हारे साथ नहीं है!
वह महिलाओं और बच्चों के साथ नहीं है, और जब से वह इतना बड़ा हुआ कि वह पुरुषों के साथ यात्रा कर सके, मैंने सोचा...
हम उसके चचेरे भाईयों से पूछेंगे कि क्या उन्होंने उसे देखा है!
मैंने सामने की अन्य माताओं से बात की है, और किसी ने भी उसे वहाँ नहीं देखा है।
उसे बड़े लड़कों के साथ यहाँ वापस आना चाहिए था।
या तो, वह वापस चला गया हो--
"-- यरूशलेम!"
मुझे तुमसे पहले पूछना चाहिए था।
मरियम, नहीं।
यीशु ने ऐसा पहले कभी नहीं किया। तुम यह कैसे अनुमान लगा सकते थे?
लूका 2:44-45


यरूशलेम में, उन्होंने खोज शुरू की।
मरियम और यूसुफ! ठीक है, तुम यहाँ वापस क्यों आए हो?
क्या तुम नासरत वापस नहीं जा रहे हो?
क्या तुम्हारा यहाँ कुछ छुट गया था?
नहीं ... ठीक है, हाँ ...
यह यीशु है। वह कारवां के साथ नहीं है।
ओह, अच्छा।
वह यहाँ नहीं है। मुझे क्षमा करें।
धन्यवाद।
मैं सोचता रहता हूँ कि हमने उसे सड़क पर तो नहीं छोड़ दिया।
क्या होगा अगर उसे सड़क पर चोट लग गई होगी, और हम शहर में उसकी तलाश कर रहे हैं?
मरियम,ऐसा मत सोचो। बस देखते रहो।
और प्रार्थना करते रहो।
क्या तुमने मेरे बेटे को देखा है?
वह बारह साल का है और वह अकेले घूम रहा होगा। औसत लम्बाई और अच्छी काल-काठी का है और काले बाल है।
महिला, आपने इस शहर के आधे बच्चों का वर्णन कर दिया है!
हमें लगा कि आप पूरे दिन एक ही स्थान पर हैं, तो आपने उसे देखा होगा!
मैं तुम्हारी भावना समझ सकता हूँ - मेरे स्वयं के आठ बच्चे हैं - परन्तु वास्तव में, मैं तुम्हारी सहायता नहीं कर सकता हूँ!
इसका कोई उपयोग नहीं है! शहर बहुत बड़ा है!
हमने उन सभी स्थानों को देख लिया है जहाँ वह जा सकता था!
रुको, हमने सब स्थानों पर नहीं देखा है!
लूका 2:45-46


तुम एक दिलचस्प बात सामने लाए हो, नौजवान, इसके बारे में मैंने नहीं सोचा था!
परन्तु तुम व्यवस्था के महत्व को इनकार नहीं कर सकते हो!
मत भूलना, व्यवस्था हमें हमारे परमेश्वर द्वारा दी गई थी और यह बिना किसी मतलब के नहीं दी गई थी!
परन्तु वे सिर्फ नियम नहीं हैं जिनका हमें पालन करना चाहिए।
मुझे नहीं लगता कि यह महत्वपूर्ण प्रश्न है कि "हम व्यवस्था का पालन कैसे करते हैं?"
बल्कि, हमें इस बात के बारे में सोचना चाहिए कि "हमें उसका पालन कैसे करना चाहिए जिसने हमें व्यवस्था दी है?"
हा! अच्छा कहा, बालक!
सच कहा!
यीशु!



लूका 2: 46-47


बेटा, तुम हमारे साथ ऐसा कैसे कर सकते हो?
मैं चिंता से बीमार हो गई हूँ!
हम तुमको हर स्थान पर ढूंढ चुके हैं!
मुझे लगा कि तुम्हे चोट लग गई होगी ... या इससे भी कुछ अधिक!
मैं तुम्हें खोने का विचार सहन नहीं कर सकती!
अच्छा? अपनी माँ को जवाब दो।
इस तरह से गायब हो जाने के बारे में और अपनी माँ और मुझे पूरे शहर में तुम्हारी खोज करवाने के बारे में तुम्हे क्या कहना है?
तुम मुझे क्यों खोज रहे थे?
क्या तुम नहीं जानते कि मैं यहाँ हूँ? मेरे पिता के घर में?

लूका 2:48-50


आओ, मेरे बेटे।
यह हमारे घर जाने का समय है।
धन्यवाद, नौजवान, हमारे साथ संवाद करने के लिए!
यह सबसे ज्ञानवर्धक रहा है! मेरा मस्तिष्क इस प्रकार लंबे समय में नहीं खुला था!
परन्तु, जैसा कि मूसा को दिए गए व्यवस्था में कहा गया है, "अपनी माँ और पिता का सम्मान करें"!
लड़का काफी असाधारण है!
ओह, मुझे पता है!
वह मेरे सहयोगियों की उन बातों को समझने लगा है जिसे मुझे भी समझने में मुश्किल होती है!
यह भविष्य में अवश्य ही महान कार्य करेगा!
तुम्हें कुछ पता नहीं है!


लूका 2: 47-48


और यीशु बड़ा हुआ।
ज्ञान में वृद्धि हुई।
कद में बड़ा हुआ।
लूका 2:52


परमेश्वर के अनुग्रह में भी बढ़ा।
और मनुष्यों के अनुग्रह में बढ़ता गया।
और मरियम ने अपने दिल में इन सब बातों को संजों कर रखा।

"THE BIBLE EXPLAINED
IN EVERY LANGUAGE."





SUPERBIBLE.TV